**A-0163**

**Total Pages : 3** **Roll No. ........................**

# MAHL-601

## M.A. HINDI (MAHL)

## कथा साहित्य (भाग एक)

3rd Semester Examination, Session December 2024

Time : 2:00 Hrs. Max. Marks : 70

**नोट :–** यह प्रश्न–पत्र सत्तर (70) अंकों का है, जो दो (02) खण्डों 'क' तथा 'ख' में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है। ***परीक्षार्थी अपने प्रश्नों के उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका तक ही सीमित रखें। कोई अतिरिक्त (बी) उत्तर-पुस्तिका जारी नहीं की जायेगी।***

### खण्ड–क

**(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)** 2×19=38

**नोट :–** खण्ड 'क' में पाँच (05) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल **दो** (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. हिन्दी गद्य के विकास हेतु उत्तरदायी परिस्थितियों, संस्थाओं एवं व्यक्तियों की भूमिका पर सारगर्भित निबन्ध लिखिए।

2. नई कहानी आंदोलन क्या है ? नई कहानी की प्रमुख प्रवृत्तियों का वर्णन कीजिए।

3. कहानी के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए इसके प्रमुख भेदों पर विस्तार से चर्चा कीजिए।

4. प्रेमचंद युगीन प्रमुख उपन्यासकारों के उल्लेख के साथ ही प्रेमचंद युगीन उपन्यासों की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

5. चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए हिन्दी कहानी के इतिहास में गुलेरी के महत्व को रेखांकित कीजिए।

## खण्ड–ख

**(लघु उत्तरीय प्रश्न)** 4×8=32

**नोट :–** खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल **चार** (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. खड़ी बोली में गद्य के विकास पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

2. खड़ी बोली हिन्दी के विकास में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के अवदान को समझाइए।

3. कथा तत्व किसे कहते हैं ? संक्षेप में बताइए।

4. हिन्दी गद्य की विभिन्न विधाओं पर प्रकाश डालिए।

5. मनोवैज्ञानिक कहानियों के भावबोध को अभिव्यक्त करते हुए कुछ प्रमुख मनोवैज्ञानिक कहानीकारों का नामोल्लेख कीजिए।

6. तिलिस्म और ऐयारी उपन्यास का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

7. उपन्यास और कहानी में निहित मूलभूत अंतर स्पष्ट कीजिए।

8. 'उसने कहा था' कहानी की शिल्पगत समीक्षा कीजिए।

**************